# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- चुनाव आयोग ने देवघर एसपी, दुमका आइजी, पलामू डीआइजी और रांची ग्रामीण एसपी के पदों पर की वरीय पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति, कल दोपहर बारह बजे तक प्रभार लेने का दिया निर्देश।

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जमुई में चुनावी रैली को किया सम्बोधित, कहा– भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में किया जा रहा है हर संभव प्रयास।

- झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दुमका लोकसभा सीट से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा प्रसाद महतो के नाम पर लगाई मुहर, बनाया पार्टी उम्मीदवार।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज मुंबई में आईआईटी बॉम्बे में भारत की पहली स्वदेशी सीएआरटी थेरेपी का किया शुभारंभ, कहा– जीन थेरेपी से अनगिनत मरीजों को मिलेगी नई जिंदगी।

- बडकागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद आज पहले समन पर नहीं पहुंचीं ईडी कार्यालय, मांगा समय, भूमि घोटाला मामले में ईडी द्वारा आज 4 अन्य लोगों को दिया गया समन।

******************

चुनाव आयोग ने देवघर एसपी, दुमका आइजी, पलामू डीआइजी और रांची ग्रामीण एसपी के पदों पर वरीय पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति का आदेश दिया है। आयोग द्वारा इन सभी अधिकारियों को कल दोपहर बारह बजे तक प्रभार लेने का भी निर्देश जारी किया है। इससे पूर्व चुनाव आयोग ने झारखंड समेत चार अन्य राज्यों के बीस जिलों के आइएएस और पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया था। नयी सूची के अनुसार 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी राकेश रंजन को देवघर एसपी, दुमका के आईजी के लिए अन्नेपू विजया लक्ष्मी, वाई एस रमेश को पलामू का डीआईजी और 2019 बैच के पुलिस अधिकारी सुमित कुमार अग्रवाल को रांची का ग्रामीण एसपी बनाया गया है। इसके साथ ही आयोग द्वारा कैलाश करमाली को ट्रैफिक एसपी रांची का तत्काल प्रभार लेने का निर्देश जारी किया है।

******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के जमुई में चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक उतारने वाला पहला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है। श्री मोदी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा की अब पूरे देश की तरह बिहार के लोग भी वंदे भारत ट्रेन में यात्रा करते हैं। श्री मोदी ने अपने सम्बोधन में ये भी कहा कि बिहार में नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि एनडीए ने पिछले 10 साल में देश को मजबूत बनाया है। श्री मोदी चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने के बाद

वापस देवघर आये और विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। एयरपोर्ट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद डा निशिकांत दुबे समेत अन्य ने उनका स्वागत किया।

******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा जेएमएम ने आज दुमका और गिरिडीह लोकसभा सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने महागठबंधन की ओर से समुचित विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। इसमें लोहरदगा लोकसभा से सुखदेव भगत, खूंटी से कालीचरण मुंडा और हजारीबाग से जय प्रकाश पटेल को उम्मीदवार बनाया गया था।

******************

रांची के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विधायक दल नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा एक संयुक्त प्रेस वार्ता संबोधित की गई। कांग्रेस विधायक दल के नेता ने कार्यक्रम के विषय में बताया कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से घर–घर जाकर कांग्रेस गारंटी कार्ड के तहत विभिन्न बिंदुओं पर कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसका शुरुआत आज की गई है।

******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज संथाल परगना के छह जिलों दुमका, देवघर, पाकुड़ साहिबगंज, गोड्डा और जामताड़ा में चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा की चुनाव 2024 में तकनीक के इस्तेमाल से फेक न्यूज़, डीप फेक वीडियो का उपयोग कर भ्रामकता फैलाई जाने की संभावनाओं पर सक्रियता से ध्यान रखा जाना चाहिए। श्री कुमार ने कहा कि सभी जिलों में कार्यरत मीडिया मोनीटरिंग सेल प्रो–एक्टिव मोड में कार्य करें और भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसी खबरों को प्रसारित होने से रोकने के लिए निर्धारित गाइडलाईन का पालन करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संताल–परगना प्रमंडल के जिलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिन्हित मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज मुंबई में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आईआईटी बॉम्बे में भारत की पहली स्वदेशी सीएआर–टी थेरेपी राष्ट्र को समर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह उपचार, सीएआर–टी सेल थेरेपी सुलभ और किफायती है। नेक्स सीएआर–19 और सीएआर–टी थेरेपी भारत की पहली स्वदेशी थेरेपी है। दुनिया की सबसे किफायती थेरेपी होने के कारण यह देश को उन्नत सेल और जीन थेरेपी के वैश्विक मानचित्र पर मजबूत बनाती है। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि सीएआर–टी सेल थेरेपी न केवल बुजुर्ग कैंसर रोगियों के लिए बल्कि अन्य कैंसर रोगियों के लिए वरदान साबित होगी।

******************

देवघर जिले में सुचारु यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे की मदद ली जा रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रांची में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान की शुरुआत कर दी है। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि विदेशी शराब, ब्राउन शुगर और गांजा के साथ अलग–अलग मामलों में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी ने कहा कि निर्वाचन आयोग और रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

******************

बडकागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को ईडी ने पहला समन जारी कर आज एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रिय ऑफिस बुलाया था। जानकारी के मुताबिक, अंबा प्रसाद ने ईडी से समय मांगा है, वह आज ईडी ऑफिस नहीं पहुंचीं। । वहीं, ईडी ने अंबा के भाई अंकित को समन जारी कर पांच अप्रैल को हाजिर होने का निर्देश दिया है। इधर, विशेष पीएमएलए कोर्ट ने भूमि घोटाला मामले में पीएमएलए के तहत झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लिया है। वहीं भूमि घोटाला मामले में ईडी द्वारा आज 4 अन्य लोगों को समन दिया गया। इस मामले में अदालत ने आर्किटेक बिनोद सिंह, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप को समन जारी किया है। गौरतलब है कि 30 मार्च 2024 को ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, हिलेरियस कच्छप एवं राजकुमार पाहन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था।

******************

रांची के ओरमांझी थाना पुलिस ने जेल में बंद कुख्यात अपराधी अमन साहू गिरोह के दो सदस्यों को आज गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में प्रमोद सिंह और अमजद खान शामिल है। इनके पास से एक देशी रिवाल्वर, आठ जिंदा गोली, तीन एंड्राइड मोबाइल फोन, एक टाटा नेक्सोन कार बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक–चंदन कुमार सिन्हा ने बताया गुप्त सुचना के आधार पर भारत माला प्रोजेक्ट में काम करने वाले ठेकेदार से 50 लाख की रंगदारी वसूलने आये दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

******************

पलामू जिले के पाटन अंचल के हल्का नंबर 10 के कर्मचारी परवेज आलम को आज एसीबी ने सात हजार रूपए घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है की पलामू जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के हरैयाखुर्द के रहने वाले नूर आलम पिता तबारक अंसारी एवं इनके भाई तस्कीम अंसारी ने अपने जमीन का म्यूटेशन कराने के लिए सारे कागजात ऑनलाइन किया था,ऑनलाइन म्यूटेशन के एवज में राजस्व कर्मचारी द्वारा रिश्वत की मांग की गई थी। इस संबंध में एसीबी के पलामू कार्यालय में शिकायत की गई। मामले के सत्यापन के बाद कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया।

*******************

जमशेदपुर के सोनारी स्थित आस्था हाई टेक सिटी निवासी ज्योति अग्रवाल को गोली मारकर हत्या करने वाला मुख्य शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार राजवाड़ ने दी।

********समाप्त***********